जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 53
दिनांक 24.04.2024

जनेकृविवि की बीटेक की छात्रा पायल ग्वालवंशी का हुआ यूपीएससी में चयन

अखिल भारतीय स्तर पर 913वीं रैंक प्राप्त कर जनेकृविवि को किया गौरांवित

जबलपुर 24 अप्रैल, 2024। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर 2019 में बी.टेक.से शिक्षित छात्रा सुश्री पायल ग्वालवंशी ने संघीय सेवा परीक्षा, यूपीएससी उत्तीर्ण कर अखिल भारतीय स्तर पर 913 वॉ स्थान प्राप्त किया है। इस उत्कृष्ट एवं महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करने पर जनेकृविवि के कुलगुरू डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने पायल ग्वालवंशी को बधाईयां प्रेषित करते हुये कहा कि कृषि शिक्षा के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों के समग्र विकास व शिक्षकों की प्रेरणा के परिणाम स्वरूप पायल को यह शानदार उपलब्धि मिली है। इससे कृषि शिक्षा प्राप्त कर रहे समस्त विद्यार्थियों के लिये प्रेरणा एवं भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रशस्थ करने में दिशा मिलेगी।

गौरतलब है कि पायल बालाघाट जिले के तिरोड़ी निवासी, श्रीमति मीरा एवं श्री मानेश्वर ग्वालवंशी की पुत्री हैं, जो खदान में कार्य करते है। स्नातक शिक्षा पूर्ण कर पायल कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर भी चयनित हैं। इस मौके पर पायल ने बताया कि वह अपनी लगन, कठोर परिश्रम एवं सतत् 4 वर्षों के प्रयास से यह मुकाम हासिल किया है। छात्रा पायल ने कहा कि इसका श्रेय अपने माता–पिता, जनेकृविवि के गुरूजनों और दोस्तो, परिजनों को देना चाहूंगी, सभी ने बहुत सहयोग किया है। युवाओं को संदेश देना चाहती हूं कि मेहनत करे आगे आए, सफलता जरूर मिलेगी।

छात्रा पायल की इस बड़ी उपलब्धि पर अधिष्ठाता कृषि संकाय, डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के.पांडे, संचालक अनुसंधान सेवाएं, डॉ. जी. के. कौतु, संचालक विस्तार सेवाएं, डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस.शुक्ला, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, कुलसचिव श्री रेवा सिंह सिसोदिया, लेखानियंत्रक श्री डी.आर.महोबिया, उपलेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, उपकुलसचिव डॉ.आर.के. समैया, डॉ.टी.आर.शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. बी.एस.द्विवेदी सहित विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।